आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

• वर्ष- 16 अंक 1 • कटनी • मंगलवार, 1 फरवरी, 2022 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • माघ कृष्ण पक्ष-अमावस्या • विक्रम संवत् 2078 शके 1935




## बजट की बड़ी बातें

- कटे और पॉलिश किए गए हीरे, रत्नों पर सीमा शुल्क घटाई गई।
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कटे और पॉलिश किए गए हीरे, रत्नों पर सीमा शुल्क घटाकर 5% किया जाएगा।
- कॉरपोरेट सरचार्ज 12% से घटाकर 7% किया जाएगा।
- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कॉरपोरेट सरचार्ज 12त्न से घटाकर 7त्न किया जाएगा।
- रिकॉर्ड 1,40,986 करोड़ रुपए का जीएसटी संग्रह
- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि रिकॉर्ड 1,40,986 करोड़ रुपए का जीएसटी संग्रह जनवरी में मिला। यह जीएसटी शुरू होने से लेकर अब तक का सबसे ज्यादा जीएसटी संग्रह है।

### आयकर में कोई छूट नहीं

- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस बार भी आयकर में कोई छूट नहीं दी जाएगी।
- 1 अब टैक्स के दायरे में आएंगी क्रिप्टोकरेंसी केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अब टैक्स के दायरे में आएंगी क्रिप्टोकरेंसी। आमदनी पर देना होगा 30 फीसदी का टैक्स।
- वर्चुअल डिजिटल असेट से आमदनी पर 30 फीसदी टैक्स
- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वर्चुअल डिजिटल असेट से होने वाली आमदनी पर 30 फीसदी टैक्स लगेगा।

### राज्य सरकार के कर्मचारियों को राहत

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों को नेशनल पेंशन स्कीम में योगदान पर 14त्न तक की टैक्स राहत मिलती है, जबकि राज्य सरकार के कर्मचारियों को 10 प्रतिशत। इसमें बदलाव करते हुए राज्य सरकार को भी 14त्न टैक्स राहत देने का फैसला किया है। इससे राज्य सरकार के कर्मचारियों को भी केंद्र सरकार के कर्मचारियों की तरह एनपीएस में योगदान पर टैक्स छूट मिलेगी।

### डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना होगी

कोरोना काल में पढ़ाई का काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि एक कक्षा एक टीवी चैनल को 12 से बढ़ाकर 200 टीवी चैनल किए जाएंगे। इसके अलावा डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना होगी।रोजगार और गरीबों के लिए ऐलान- क्क्रूगति शक्ति मास्टर प्लान के तहत एक्सप्रेसवे बनेंगे। नेशनल हाईवे नेटवर्क 25 हजार किमी तक बढ़ाया जाएगा। इस मिशन के लिए 20 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। हमारी कोशिश 60 लाख नए रोजगार का सृजन करने की होगी। गरीबों के लिए 80 लाख घर बनाए जाएंगे। 48000 करोड़ रुपए इसका बजट है। 2022-23 में ई-पासपोर्ट जारी किए जाएंगे, जिनमें चिप लगी होगी। विदेश जाने वालों को सहूलियत होगी।

# आम आदमी फिर निराश, टैक्स स्लैब में बदलाव नहीं

## RBI डिजिटल करेंसी लॉन्च करेगी, क्रिप्टो की कमाई पर 30% टैक्स

**नई दिल्ली। उम्मीदों की लहर के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना चौथा बजट पेश कर दिया है। ब्लॉकचेन और अन्य टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए इसी साल आरबीआई डिजिटल रुपया जारी करेगी। इससे इकोनॉमी को बहुत अधिक बढ़ावा मिलेगा। क्रिप्टोकरेंसी से होने वाली कमाई पर 30प्रतिशत का टैक्स लगाया जाएगा। आपको सबसे ज्यादा इंतजार इनकम टैक्स में बदलाव का है। पर निराशा ही हाथ लगी। टैक्स स्लैब में इस साल भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। गलतियां सुधारने के लिए 2 साल का वक्त दिया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि वर्चुअल डिजिटल असेट्स के टैक्सेशन में बदलाव किया गया है। ऐसी किसी भी प्रॉपर्टी के ट्रांसफर पर 30त्न टैक्स लगेगा। कोई छूट नहीं मिलेगी। कॉरपोरेट टैक्स को 18% से घटाकर 15% कर दिया गया है। वित्त मंत्री ने 39.45 लाख करोड़ का बजट पेश किया। अगले वित्त वर्ष के लिए निर्मला सीतारमण ने पेश किया 39.45 लाख करोड़ का बजट, राजकोषीय घाटा 6.9% तक रखने का लक्ष्य तय किया गया है।**



### आयकर के लिए नए प्रावधान का एलान

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मूल रिटर्न फाइल करने के दो वर्ष बाद तक अपडेटेड रिटर्न फाइल किए जा सकेंगे।
टैक्स फाइलिंग में गलती सुधारने के लिए दो साल का मौकावित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि आयकर की घोषणा में कोई गलती है तो इसे दो साल में सुधारा जा सकता है। इसके लिए उसे अपना रिटर्न अपडेट करना होगा। इससे मुकदमेबाजी कम होगी। लोगों को दो साल में अपनी घोषित आय में सुधार करने की अनुमति मिलेगी।

### क्रिप्टोकरेंसी को लेकर एलान

रिजर्व बैंक 2022-23 तक अपनी डिजिटल करेंसी लाएगाक्रिप्टोकरेंसी को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बड़ा एलान करते हुए कहा कि रिजर्व बैंक 2022-23 तक अपनी डिजिटल करेंसी लाएगा। इसके लिए ब्लॉकचेन और अन्य टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल होगा।

### आर्थिक विकास दर 9.2 फीसदी रहने का अनुमान

उन्होंने बजट भाषण में कहा कि देश की आर्थिक विकास दर 9.2 फीसदी रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि यह बजट अगले 25 सालों के लिए ब्लू प्रिंट के तौर पर काम करने वाला है। इसके अलावा उन्होंने इस बजट के जरिए 60 लाख नौकरियां भी पैदा होने की बात कही। वित्त मंत्री ने कहा कि एलआईसी के आईपीओ पर काम चल रहा है और आने वाले दिनों में कुछ और चीजों का विनिवेश किया जाएगा।

### डिफेंस में आत्मनिर्भर प्लान, इसी साल होगी 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में बजट पेश कर रही हैं। डिफेन्स सेक्टर के लिए उन्होंने कहा, रक्षा अनुसंधान एवं विकास बजट के 25त्न रक्षा आरएंडडी के साथ उद्योग, स्टार्टअप और शिक्षा के लिए खोला जाएगा। निजी उद्योग को एसपीवी मॉडल के माध्यम से डीआरडीओ और अन्य संगठनों के सहयोग से सैन्य प्लेटफार्मों और उपकरणों के डिजाइन और विकास के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। रक्षा में पूंजीगत खरीद बजट का 68प्रश घरेलू उद्योग के लिए 2022-23 में निर्धारित किया जाएगा (यह पिछले वित्त वर्ष के 58प्रश से ऊपर है)।



### हर घर नल परियोजना

वित्त वर्ष 2022-23 में 3.8 करोड़ नए घरों तक पहुंचेगा नल से जल। कुल 60 हजार करोड़ रुपये का बजट इस प्रोजेक्ट के लिए तय हुआ। फिलहाल देश भर के 8.7 करोड़ घरों तक नल से जल पहुंच रहा है।

### केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट के लिए 1400 करोड़ मंजूर

#### सीएम शिवराज सिंह ने जताया आभार

मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश का महत्वकांक्षी केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट का काम अब जल्द धरातल पर आने के आसार बढ़ गए हैं। इस प्रोजेक्ट के लिए कैबिनेट की मंजूरी पहले ही मिल चुकी थी और अब बजट में भी इस प्रोजेक्ट के लिए 1400 करोड़ की राशि का आवंटन किया गया है। जानकारों की मानें तो ये प्रोजेक्ट बुंदेलखंड के विकास की नई इबारत लिखने में मील का पत्थर साबित होगा।

### सरकार अगले तीन सालों में विकसित करेगी

## 400 नई जेनरेशन की वंदे भारत ट्रेन

**नई दिल्ली** । केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2022-23 का बजट पेश किया। इसमें वित्त मंत्री ने इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास से जुड़े कई बड़े एलान किए। साथ ही रेलवे व्यवस्था को बेहतर करने के लिए हाई-स्पीड ट्रेनों के प्रसार की बड़ी घोषणा की। इनमें एक बड़ा एलान भारत की मौजूदा सबसे तेज वंदे भारत ट्रेनों की संख्या बढ़ाने का भी रहा। सीतारमण ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत अगले तीन साल में 400 नई जेनरेशन की वंदे भारत ट्रेनों को विकसित किया जाएगा। यह ट्रेनें बेहतर ऊर्जा दक्षता (एनर्जी एफिशियंट) वाली होंगी। इनमें यात्रियों के सफर का अनुभव भी बेहतर बनाया जाएगा। रेलवे आने वाले समय में नए उत्पाद की तैयारी और उनके प्रसार में काम करेगा। रेलवे के नेटवर्क के पोस्टल नेटवर्क के साथ एकीकरण के जरिए पार्सल की आवाजाही को सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा एक स्टेशन-एक उत्पाद की अवधारणा के जरिए स्थानीय व्यापार और सप्लाई चेन की बेहतरी की कोशिश की जाएगी। वित्त मंत्री ने रेलवे से जुड़े अपने एक और एलान में कहा, रेलवे आने वाले समय में छोटे किसानों और छोटे उद्यमों के नए उत्पादों को तैयार करने और बेहतर लॉजिस्टिक मुहैया कराने का काम करेगा। अगले तीन वर्षों में 100 पीएम गति शक्ति कार्गो टर्मिनल विकसित किए जाएंगे, ताकि लॉजिस्टिक की व्यवस्था को बेहतर किया जा सके।





### रोजगार और गरीबों के लिए ऐलान

क्क्रूगति शक्ति मास्टर प्लान के तहत एक्सप्रेसवे बनेंगे। नेशनल हाईवे नेटवर्क 25 हजार किमी तक बढ़ाया जाएगा। इस मिशन के लिए 20 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। हमारी कोशिश 60 लाख नए रोजगार का सृजन करने की होगी। गरीबों के लिए 80 लाख घर बनाए जाएंगे। 48000 करोड़ रुपए इसका बजट है। 2022-23 में ई-पासपोर्ट जारी किए जाएंगे, जिनमें चिप लगी होगी। विदेश जाने वालों को सहूलियत होगी। डाकघरों में भी अब एटीएम मिलेंगे।

### गरीबों के लिए 80 लाख घर, युवाओं के लिए 60 लाख रोजगार

उम्मीदों की लहर के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का आम बजट पेश करते हुए कहा कि देश की आर्थिक विकास दर 9.2 फीसदी रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि यह बजट अगले 25 सालों के लिए ब्लू प्रिंट के तौर पर काम करने वाला है। इसके अलावा उन्होंने इस बजट के जरिए 60 लाख नौकरियां भी पैदा होने की बात कही। वित्त मंत्री ने कहा कि एलआईसी के आईपीओ पर काम चल रहा है और आने वाले दिनों में कुछ और चीजों का विनिवेश किया जाएगा।



### कृषि के क्षेत्र में नया क्या?

केंद्रीय वित्त मंत्री ने किसानों के लिए बड़ा एलान किया। कहा कि अब न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी का भुगतान सीधे किसानों के खाते में किया जाएगा। अभी तक मंडियो और आढ़तियों के माध्यम से किसानों का भुगतान किया जाता था। ये पहली बार होगा जब किसानों को एमएसपी का लाभ सीधे मिलेगा। इससे काफी हद तक भ्रष्टाचार पर रोक लग सकेगी। इसके अलावा गंगा के किनारों के 5 किमी. के दायरे में आने वाली जमीन पर ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। खेती की जमीन के दस्तावेजों का डिजिटलीकरण होगा। राज्यों को एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के सिलेबस बदलने को कहा जाएगा, ताकि खेती की लागत को कम किया जा सके। फलों और सब्जियों की उन्नत किस्म अपनाने वाले किसानों की मदद के लिए राज्यों के साथ मिलकर काम करेंगे किसानों को डिजिटल सर्विस मिलेगी, जिसमें दस्तावेज, खाद, बीज, दवाई से संबंधित सेवाएं शामिल हैं।

### खत्म हुईं बैंक-पोस्ट ऑफिस की दूरियां, पैसे ट्रांसफर से सब कुछ होगा डिजिटल

कोरोना काल में दूसरी बार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आम बजट पेश में पोस्ट ऑफिस के डिजिटलाइजेशन पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि पोस्टऑफिस अब पूरी तरह डिजिटल होंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 1.5 लाख डाकघरों में 100 फीसदी कोर बैंकिंग प्रणाली पर आएंगे। इसके जरिए नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एटीएम के माध्यम से खातों तक पहुंच होगी। इसके अलावा डाकघर खातों और बैंक खातों के बीच पैसे ऑनलाइन ट्रांसफर किए जा सकेंगे।



### बजट से उम्मीदों के बीच शेयर बाजार गुलजार

## सेंसेक्स 58,700 अंक के पार

**नई दिल्ली** । आम बजट पेश होने से पहले शेयर बाजार में निवेशकों का उत्साह देखने को मिल रहा है। सेंसेक्स 650 अंक से ज्यादा तेजी के साथ 58,700 अंक के करीब कारोबार कर रहा था। निफ्टी ने भी 17,500 अंक के स्तर को पार कर लिया है। आपको बता दें कि 19 अक्टूबर 2021 को सेंसेक्स 62245.43 अंक के लेवल तक गया था। ये अब तक का हाई लेवल है। हालांकि, इसके बाद के कारोबार में अधिकतर समय बिकवाली का माहौल हावी रहा है। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार में बीएसई इंडेक्स के सभी 30 स्टॉक ग्रीन जोन में थे। हालांकि, कुछ देर बाद ही आईटीसी और पावरग्रिड के स्टॉक रेड जोन में आ गए। बढ़त वाले स्टॉक में बैंकिंग सेक्टर सबसे आगे है। इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक के स्टॉक 2 फीसदी से ज्यादा तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। वहीं, एचडीएफसी, इन्फोसिस, सनफार्मा, कोटक बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व के स्टॉक 1 फीसदी से ज्यादा बढ़त के साथ कारोबार करते दिखे।

## राहत

# कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 91.50 रुपए सस्ते

**नई दिल्ली।** हर महीने की पहली तारीख को सरकारी तेल कंपनियों रसोई गैस के दामों की समीक्षा करती है। 1 फरवरी 2022 को ही पेश होने वाले देश के आम बजट से पहले अच्छी बात यह है कि कमर्शियल रसोई गैस सिलेंडर के दामों में बड़ी कटौती की घई है। कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 91.5 रुपये की कटौती हुई है। आम आदमी के लिए यह राहत देने वाली खबर है। वहीं घरेलू 14.2 चत्न सिलेंडर के दामों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। जानकारी के मुताबिक, फरवरी माह में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नॉन-सब्सिडी वाले घरेलू सिलेंडर का रेट अभी 899.50 रुपए ही रहेगा। वहीं, कोलकाता वालों को 14.2 किलो वाला घरेलू एलपीजी सिलेंडर 926 रुपए में मिलेगा। मुंबई में भी दिल्ली वाला रेट ही रहेगा, जबकि चेन्नई में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की 915.50 रुपए रहेगी। बता दें, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। इसके बावजूद देश मे न पेट्रोल-डीजल महंगा किया जा रहा है और ना ही रसोई गैस के दाम बढ़े हैं। माना जा रहा है कि सरकार ने पांच राज्यों (यूपी, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर) में विधानसभा चुनावों को देखते हुए यह फैसला लिया है। इससे पहले 6 अक्टूबर को रसोई गैस के दाम बढ़ाए गए थे। उसके बाद से दामों में कोई बदलाव नहीं आया है। यानी तेल कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को समीक्षा करती हैं, लेकिन नवंबर 2021, दिसंबर 2021, जनवरी 2022 और अब फरवरी 2022 में कोई बदलाव नहीं किया गया है।






# मध्य प्रदेश में आज से खुल गए स्कूल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कोरोना की तीसरी लहर की संक्रमण दर के नियंत्रण में आते ही आज से एकबार फिर एक फरवरी से स्कूल खुल गए हैं। स्कूलों में 50 फीसदी उपस्थिति ही रहेगी। शासन ने स्कूलों को कोविड 19 के प्रोटोकॉल का गंभीरता से पालन करने का आदेश भी दिया है। आज पहले दिन उपस्थिति नगण्य रही। सोमवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ चर्चा के बाद स्कूलों को खोलने जाने का फैसला लिया है। कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर के कारण पिछले दिनों 31 जनवरी तक स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया गया था। इसके बाद तीसरी लहर में कोरोना संक्रमण दर पर लगातार नजर रखी जा रही।

# विदा हो रही तीसरी लहर!

## 24 एक दिन में सिर्फ 1.67 लाख नए केस

## घंटे के अंदर देश में कोरोना से 1192 मौतें

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना की तीसरी लहर की रफ्तार अब धीमी पड़ने लगी है। राष्ट्रव्यापी टीकाकरण की तेज रफ्तार के बीच देश में कोरोना के नए केसों में भी राहत देखने को मिली है। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 1 लाख 67059 नए केस सामने आए हैं। जबकि एक दिन में ठीक होने वालों की संख्या 2लाख 54076 दर्ज हुई है। देश में कोरोना के सक्रिय मामले घटकर 1743059 हो गए हैं। देश में कोरोना रिकवरी रेट 94.60 प्रतिशत हो गई है। जबकि पॉजिटिविटी रेट 11.69 प्रतिशत है। संक्रमण की संख्या लगातार घट रही है। हालांकि, मौतों की संख्या में हो रहा इजाफा स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए भी चिंता का विषय बना हुआ है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, पिछले 24 घंटे के अंदर देश में कोरोना से 1192 मौतें भी दर्ज की गईं। जबकि, सोमवार को 959 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। पिछले एक सप्ताह से लगातार यह संख्या बढ़ रही है। मंगलवार को देश में कोरोना से बड़ी राहत मिली। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 1 लाख 67 हजार 59 नए केस सामने आए।



### इंदौर में मिला खतरनाक डेल्टा, डेल्टा प्लस वैरिएंट

## भोपाल में फिर सबसे ज्यादा नए केस आए

**भोपाल।** दो महीने बाद दिल्ली की ह्रष्टछ्वष्ट लैब ने इंदौर से जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजे गए सैंपल्स में से करीब एक हजार सैंपल्स की रिपोर्ट दी है। इनमें डेल्टा, डेल्टा प्लस, नए वैरिएंट क्क2 की पुष्टि हुई है। इस दौरान सोमवार को शहर में 814 नए संक्रमित मिले, जबकि 3012 मरीज एक ही दिन में स्वस्थ हुए हैं। एक मरीज की मौत भी हुई है। डेल्टा वैरिएंट ने ही दूसरी लहर में कई जानें ली थी। मध्यप्रदेश में 24 घंटे में 8,062 नए कोरोना केस आए हैं। ग्वालियर में भी 1 मौत रिपोर्ट हुई है। प्रदेश में 1 दिन में सबसे ज्यादा केस भोपाल में 1757 आए। यहां संक्रमण दर इंदौर के मुकाबले दो गुनी से ज्यादा है। इंदौर की संक्रमण दर 11.57त्न है, जबकि भोपाल की 28त्न पर पहुंच गई है। ग्वालियर में 162, रतलाम में 119 और सागर में 115 नए केस आए हैं।

### दुल्हन मंडप में करती रही इंतजार

# भागा इंजीनियर दूल्हा

## दूसरी लड़की के साथ ले लिए सात फेरे

**उज्जैन।** मंडप सजा था, शहनाइयां गूंज रही थी। पूरा घर मेहमानों से भरा था। घर की बेटी विदा होने वाली थी। सभी लोग बारात का इंतजार कर रहे थे। लेकिन वो हुआ जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। बारात नहीं आई। शादी के ऐन पहले दूल्हा गायब हो गया। पता चला दूल्हा किसी दूसरी लड़की के साथ भाग गया। ये वाकया किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। घटना उज्जैन के बामोरा गांव की है। बारात नहीं आने की खबर से शादी में हड़कंप मच गया। दुल्हन के पिता ने आरोप लगाया कि दूल्हे ने शादी के पहले 25 लाख रुपए नगद और कार की डिमांड की थी। नहीं देने पर बारात नहीं लाने की धमकी दी थी। एडिशनल एसपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि लड़का तो किसी अन्य लड़की के साथ भागा है।



लड़की वालों ने उज्जैन के चिंतामन थाने में शिकायत दर्ज कराई है । दरअसल बामोरा के एक परिवार की बेटी की शादी क्क्स्हरु देवास में इंजीनियर के पद पर पदस्थ लालघाटी भोपाल निवासी अजय उर्फ बंटी पुत्र राजा राम पलासिया के साथ तय हुआ था। 29 जनवरी को दोनों की शादी की तैयारी के बीच दोपहर में उज्जैन के ग्राम बामोरा में बारात का इंतजार हो ही रहा था कि खबर लगी कि भोपाल से आने वाली बारात नहीं आएगी। इधर भोपाल में भी अफरा-तफरी के माहौल के बीच दूल्हे की खोज शुरू हुई।

# ग्रहों और राशियों की स्थिति की ज्योतिषीय गणना से बनती है जन्मपत्री

**जबलपुर,यशभारत।** यशभारत के लोकप्रिय कार्यक्रम जीवन ज्योतिष में पिछले अंक में आपने ग्रहों के विषय में पूर्व आईपीएस ऑफिसर व ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा से जाना, पूर्व कार्यक्रमों की लोकप्रियता के पश्चात हमारे पाठक और दर्शक समूह श्री वर्मा से जन्मपत्रिका के विषय में जानना चाहते है, जिसको लेकर सभी ने हमें इस विषय में कार्यक्रम बनाने को प्रेरित किया। जीवन ज्योतिष के इस तीसरे अंक में हम जन्मपत्रिका और राशियों के विषय में जानेगें श्री वर्मा से खास चर्चा यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला के साथ जन्मपत्रिका विज्ञान है।




श्री मनोहर वर्मा इस सवाल पर बताते है कि, जिस समय हमारा जन्म होता है उस समय सभी नौ ग्रहों की आकाश में जो स्थिति होती है उस समय का जो चित्र होता है, उसे जन्मपत्री कहते है। जन्मपत्री में जन्म का समय, जन्म का दिनांक और जन्म का स्थान यह तीन चीजों के आधार पर जन्मपत्री बनती है।

### गणितिय गणना से अध्यन

ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा गणितीय गणना के बारे में बताया कि आजकल जन्मपत्रिका कम्प्यूटर से बनाना वर्तमान में बड़ा आसान हो गया है, क्योंकि कम्प्यूटर गणितीय आधार पर गणना करता है और इसी गणितीय आधार पर कम्प्यूटर जन्मपत्रिका बनाता है। इसलिए हम कह सकते हैं कि जन्म पत्रिका एक विज्ञान है। क्योंकि जन्मपत्री में वैज्ञानिक तरीके से ही चित्र का निर्माण होता है।

### जन्मपत्री के प्रकार




यशभारत के लोकप्रिय कार्यक्रम जीवन ज्योतिष में जन्मपत्री के विषय में पूर्व आईपीएस ऑफिसर और ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा से चर्चा

श्री वर्मा कहते हैं कि भारत में दो तरह की जन्मपत्रिका का निर्माण किया जाता है एक उत्तर भारत पत्रिका, उत्तर भारत में जिस पत्रिका का प्रचलन ज्यादा है उसे उत्तर भारत की पत्रिका के रूप में जानते है, दूसरी दक्षिण भारत की पत्रिका जो दक्षिण भारत में जन्मपत्रिका बनाई जाती है, वहीं अगर पाश्चात्य की बात करें तो वहां पर गोलाकार कुंडली बनाई जाती है।

### उत्तर भारत जन्मपत्रिका का प्रचलन ज्यादा

श्री वर्मा कहते हैं कि हम ज्यादातर उपयोग उत्तर भारत की कुंडली का करते हैं, जिसमें 12 खाने होते हैं, प्रत्येक खानों में 12 अंक दिए गए हैं ,सबसे ऊपर मध्य में एक नंबर रहता है, जिसे लग्न कहते है। तत्पश्चात घड़ी की उलटी दिशा में बाकी खानों को दर्शाया जाता है, प्रत्येक खानों में राशियां दर्शाई जाती हैं। राशियों की कुल संख्या 12 होती है वही ग्रह नौ हैं। उत्तर भारत की कुंडली में मूलता भाव स्थिर होता है इसलिए से दर्शाया नहीं जाता।

### क्या है दक्षिण भारत की कुंडली

दक्षिण भारत की कुंडली आयताकार होती है, इसमें भी उत्तर भारत की कुंडली की तरह ही 12 खाने दिए गए हैं और इसमें राशियां स्थिर होती हैं और भाव बदलते हैं। वही उत्तर भारत की कुंडली में भाव स्थिर होते हैं और राशियां बदलती हैं।

### क्या होता है भचक्र ,जोडियक

श्री वर्मा से जब पूछा गया कि भचक्र और जोडियक क्या है तो उन्होंने बताया कि, सूर्य का परिक्रमा पथ जो है उसे दोनों तरफ आठ आठ डिग्री मोटा कर दिया जाए तो वही मोटी पट्टी भाचक या जोडियक कहलाती है।

### क्या है नक्षत्र और राशियां

श्री वर्मा बताते हैं कि सूर्य के परिक्रमा पथ पर जो अलग-अलग आकार के तारा समूह होते हैं, उन्हें हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा नक्षत्र और राशियों के रूप में विभाजित किया गया है। हम देखेंगे कि सूर्य की परिक्रमा पथ पर जो तारा समूह स्थित है उन सभी का आकार अलग अलग होता है। जिन्हें हम नक्षत्र और राशियों के रूप में पहचानते हैं। जीवन ज्योतिष के अगले अंक में आप ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा से जानेगें, क्या होती है राशियां और ज्योतिषिय गणना में इनका क्या है महत्व।

# बजट किसी को दिखा विकास तो कोई निराश

**कटनी।** आज देश का आम बजट वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया। बजट की कुछ खास बातों पर गौर करें तो बजट में रोजगार देने के लिए जो कहा गया है वह काफी महत्वपूर्ण है। बजट को लेकर शहर के लोगों में प्रारंभिक प्रतिक्रिया जानने की कोशिश की गई चूंकि अभी संसद में बजट पर चर्चा चल रही थी और बजट की विस्तृत जानकारी किसी के पास नहीं थी लिहाजा इस बारे में राजनीतिक दलों के नुमाइंदे या फिर इस बारे में जानकार लोग ज्यादा कुछ बोलने से बचते नजर आए। सत्ता पक्ष ने जहां बजट को जनता का बजट बताया तो वहीं विपक्ष ने बजट को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह महज कागजों पर आंकड़ों की बाजीगिरी प्रतीत हो रहा है। बजट में गरीब और मध्यमवर्गीय लोगों के लिए कुछ भी नहीं।

### विकास की नई गति स्थापित करेगा- शशांक



बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शहर के पूर्व महापौर तथा चार्टड एकाउंट शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि वित्तमंत्री के द्वारा पेश किया बजट देश में विकास की नई गति स्थापित करेगा। रेलवे के लिए बजट में प्रावधान कि आलावा देश की विकास योजनाओं रक्षा शिक्षा स्वास्थ पर बजट में जो प्रावधान किये गए हैं वह सराहनीय हैं। इसके साथ 60 लाख लोगों के लिए रोजगार की घोषणा सरकार का युवाओं को बजट में बेहतरीन गिफ्ट देने वाला है।

### गांव गरीब किसान के लिए बजट में कुछ नहीं : मिथलेश



उधर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष तथा एडवोकेट मिथलेश जैन ने बजट को पूरी तरह से आंकड़ों की बाजीगरी करार देते हुए कहा कि केन्द्र का बजट निराशा भरा रहा। बजट में साफ तौर पर निजी क्षेत्रों को फायदा पहुंचाना दिखाई दे रहा है। गांव गरीब किसान के लिए बजट में कोई भी ऐसी घोषणा नहीं दिख रही जो जनता को लाभ पहुंचा सके। न ही रोजगार मिली न ही मंहगाई कम करने पर बजट में कोई उल्लेख हुआ यह अत्यंत निराशाजनक है।

### शिक्षा नीति तो बनाई पर बजट नहीं- अंशु



बजट पर छात्र नेताओं की प्रतिक्रिया जानने की कोशिश की गई जो शिक्षा के क्षेत्र में बजट को एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अंशु मिश्रा ने निराशाजनक बताया अंशु ने कहा कि नई शिक्षा नीति को लेकर सरकार ने खूब वाहवाही बटोरी थी लेकिन इसके लिए बजट मे कोई प्रावधान न करना सरकार की नीति और नियत को दर्शाती है। बजट में शिक्षा को लेकर कोई भी उत्साहित घोषणा नहीं की गई जबकि कोरोना काल में सबसे ज्यादा प्रभावित शिक्षा तथा छात्र ही हुए हैं इससे लगता है केन्द्र सरकार को देश के भविष्य की कोई चिंता नहीं।

### डिजिटल विश्वविद्यालय बेहतरीन कदम- सिप्तैन



इसके विपरीत अखिलभारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक सिप्तैन रजा ने बजट को शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक बताया । सिप्तैन ने कहा कि केन्द्रीय बजट में डिजिटल विश्व विद्यालय की स्थापना की घोषणा सरकार का ऐतिहासिक कदम है। इसके अलावा युवाओं तथा छात्रों के लिए आईटी सेक्टर में को बढ़ावा देने से रोजगार की दिशा में सार्थक कदम होगा। सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई प्रावधान किये जो आने वाले समय में एतिहासिक होंगे।

### महिलाओं के लिए बजट में विशेष प्रावधान किये- सीमा



बजट को लेकर महिलाओं की प्रतिक्रिया भी मिली जुली मिली है। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा जैन ने कहा कि वित्तमंत्री ने महिलाओं के लिए बजट में विशेष प्रावधान किये हैं जिसका लाभ आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। श्रीमती जैन ने कहा कि हमारी सरकार ने लाभ प्रदान करने के लिए महिला और बाल विकास मंत्रालय की मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य, सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 जैसी योजनाओं को व्यापक रूप से नया रूप दिया है।

### महिलाओं के लिए बजट में कुछ नहीं-निशा मिश्रा



इधर कांग्रेस की महिला नेत्री कार्यवाहक अध्यक्ष निशा मिश्रा ने कहा कि बजट पूरी तरह से धोखे वाला प्रतीत हो रहा है। महिलाओं को सबसे ज्यादा चिंता घर की रसोई की थी लेकिन सरकार ने कोई भी ऐसा प्रावधान नहीं किया जिससे उसकी रसोई में मंहगाई का तड़का न लगता लेकिन बजट को देखकर लगता है मंहगाई को लेकर सरकार ने कोई भी ऐसा प्रयास नहीं किया। गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी की तो वह भी कमर्शियल सिलेंडर में जबकि घरेलू गैस के दाम निरंतर बढ़ रहे हैं।

### जनता तो सिर्फ मंहगाई कम चाहती है

आम जनता की प्रतिक्रिया जानने की कोशिश की गई जो वह मिली जुली नजर आई। जनता तो फिलहाल बजट को समझने की कोशिश में जुटी है। फिर भी कुछ जानकारों से बात की गई तो उनका कहना था कि सरकार को बजट में पूरा फोकस मंहगाई कम करने पर रखना चाहिए कोविड से जनता वैसे भी टूट चुकी है। अत: सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए था अब कुछ दिन में पता लगेगा कि बजट से क्या मिला।

# कोरोना का बाप है धूल के गुब्बार

**धूल के गुब्बार के आगोश में कनोर, जाजागढ़, बिचपुरा, खासी, दमा की बीमारी से ग्रसित हो रहे ग्रामीण, नियम-कानून को धूल में मिला रहे क्रशर संचालक**



बरही तहसील के ग्राम कनोर, बिचपुरा, जाजागढ़, ददरा में संचालित है दर्जनभर क्रशर प्लांट

कटनी/बरही। तहसील क्षेत्र बरही के ग्राम जाजागढ़, ददरा, कनोर, बिचपुरा में क्रसर प्लांट संचालित है जो नियम-कानून को रौदते हुए दिन-रात धूल के गुब्बार उड़ा रहे है। जिससे आसपास के ग्रामीण इन धूल के गुब्बार से बीमार हो रहे है। खासी, दमा के मरीज बढ़ रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि कोरोना क्या चीज है, धूल के यह गुब्बार कोरोना का बाप है।





### धीमा जहर है धूल का गुब्बार

किस कदर कनोर, जाजागढ़, बिचपुरा में संचालित ये क्रशर धूल के गुब्बार उड़ा रहे है। जिससे यहां का पूरा वातावरण ही प्रदूषित है। ग्रामीणों के स्वास्थ्य के लिए ये धूल के गुब्बार धीमा जहर की तरह काम कर रहा है। इसीलिए तो ग्रामीण कह रहे है कि यह धूल स्वास्थ्य के लिए कोरोना का भी बाप है।

### फसल भी हो रही चौपट

पीड़ित, प्रताड़ित ग्रामीण दानी बाई, रामसुजान, संतोष बताते है कि क्रशर की धूल के साथ गिट्टी लोड वाहनों से दिनभर उड़ने वाली धूल से उनकी फसल भी चौपट हो रही है। धूल के गुबार घर के अंदर प्रवेश करती है। आलम यह है कि भोजन में भी इसका असर रहता है, जिससे वे बीमार रहते है। ग्रामीणों ने मांग की है कि मार्ग का निर्माण कराने के साथ ही पानी का छिड़काव भी कराया जाए। जिससे उड़ने वाली धूल से राहत मिले। आपको बता दे कि क्रशर संचालको की मनमानी प्रदुषण विभाग की नाकामी, जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी का दंश यहां के ग्रामीण झेल रहे है। नरकीय जीवन जी रहे है। क्षेत्र विकास के लिए जमा होने वाली करोड़ो की राशि मे धूल जम रही है लेकिन धूल से राहत पहुचाने जिला प्रशासन सड़क का निर्माण नही कर रहा है।

**कैमोर की घटना में तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनाया फैसला**

# महिला के हत्यारे को आजीवन कारावास

**कटनी।** तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय ने जघन्य एवं सनसनी खेज चिन्हित सत्र आरोपी संजीव बर्मन को धारा 302 में आजीवन कारावास एवं धारा 324 में 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक/जिला लोक अभियोजन अधिकारी हनुमंत किशोर शर्मा ने की। अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार 01 अक्टूबर 2020 को कैमोर थाना अंतर्गत ग्राम इंद्रानगर पनिहाई में रात लगभग 10 बजे आहत सुनील बर्मन अपनी पत्नी रजनी बर्मन और पुत्री रागिनी बर्मन, ईशु बर्मन के साथ मोटर सायकिल से अपने साडू भाई के घर से वापस आया। जब अपनी मोटर सायकिल खडा कर रहा था तो पडोस में रहने वाला संजीव बर्मन उसे गाली-गलौज किया, मना करने पर अपने पास रखे फरसे से सुनील बर्मन को मारा और जब आहत सुनील बर्मन की पत्नी रजनी बर्मन बीच-बचाव करने आई तो उसे भी फरसे से मारपीट किया। जिसे रामखिलावन दाहिया के घर के सामने पहुंच कर रजनी बर्मन की गर्दन कट जाने से मृत्यु हो गई। मारपीट में बच्ची रागिनी बर्मन को भी चोट आई। घटना स्थल के पास रहने वाले दीपक बर्मन ने फोन पर मृतिका के रिश्ते दार राजेन्द्र दाहिया को सूचना दी, जिसने पुलिस को खबर किया। मौके पर पुलिस पहुंची, जिसने घायल सुनील बर्मन को अस्पताल पहुंचाया और महिला की हत्या की रिपोर्ट कायम की। गौरतलब है कि आरोपी विरुद्ध चल रहे मामले में समझौता करने के लिए दबाव बना रहा था। जिसके लिए मना करने से रंजिशवश इस घटना को जघन्य तरीके से अंजाम दिया।



प्रकरण में वैज्ञानिक साक्ष्य तथा साक्षियोंगण की गवाही के आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपी संजीव बर्मन के विरूद्ध रजनी बर्मन की फरसे से गर्दन काटकर हत्या करने, सुनील बर्मन एवं रागिनी बर्मन को फरसा मारकर घायल करने के अपराध को प्रमाणित पाते हुए उसे धारा 302 में आजीवन कारावास एवं 500 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। धारा 324 के दोनों अपराध के लिये पृथक-पृथक 3-3 वर्ष कारावास एवं 500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन के आग्रह पर आरोपी से वसूले गये 1500 रूपये प्रतिकर प्रदान करने का आदेश भी पारित किया गया।

# दस दिन चली जद्दोजहद के बाद आखिर अरविंद जैन बने बरही के टीआई

**कैमोर की खाली कुर्सी के लिए पांच निरीक्षक कतार में**



**कटनी।** लगभग 10 दिनों तक चली जद्दोजहद के बाद अंतत: बरही को अरविंद जैन के रूप में नया थानाप्रभारी मिल ही गया। अरविंद जैन कल तक कैमोर थाने का प्रभार सम्हाल रहे थे। कल सुबह ही उन्हें बरही जॉइनिंग के आदेश मिले और आदेश का पालन करते हुए उन्होंने सुबह साढ़े 11 बजे ही बरही थाने में अपनी आमद दर्ज कर टी आई कि कुर्सी सम्हाल ली। अरविंद जैन के प्रभार सम्हालते ही अब बरही थाने के नए टी आई को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। उल्लेखनीय है कि जबलपुर की एक महिला आरक्षक द्वारा यौन शोषण के आरोप लगाने के बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एस पी सुनील जैन द्वारा बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची को लाइन हाजिर कर दिया गया था। हालांकि महिला आरक्षक ने बाद में अपने आरोप वापस लेकर संदीप अयाची को क्लीन चिट दे दी थी। जितने आनन फानन महिला आरक्षक के बयान बदलवाए गये थे उसे देखकर लग रहा थी कि कहीं संदीय अयाची की पुन: बहाली न हो जाये। वही लाईन में पड़े कुछ अन्य निरीक्षक भी बरही के लिए जोर लगा रहे थे। इधर कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन के तबादले के लिए भी भाजपा के कुछ असंतुष्ट नेता पूरा प्रयास कर रहे थे। एस पी सुनील जैन ने ऐसे में सारे समीकरणों को ध्यान में रखते हुए कैमोर थाना प्रभारी को ही बरही थाने की कमान सौंप दी। हालांकि भाजपा नेताओं के दबाव में इसके पहले भी अरविंद जैन का तबादला कुठला थाने किया गया था। अरविंद जैन ने कुछ निजी कारणों का हवाला देकर तब कुठला थाना जॉइन नहीं किया। 24 घन्टे के भीतर उनका तबादला रुक भी गया था पर इस बार बरही थाने का आदेश मिलने पर श्री जैन ने आदेश का पालन करने में ही भलाई समझी। कैमोर में थाना प्रभारी के रूप में अरविंद जैन का कार्यकाल बेहतर रहा। उनके कार्यकाल में सामुदायिक पुलिसिंग को सबसे ज्यादा बढ़ावा मिला। नारी अस्मिता के सम्मान में कैमोर पुलिस की कार्यवाही को खुद मुख्यमंत्री ने सराहा वहीं कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान कैमोर पुलिस द्वारा वंचितों और जरूरतमंदों के लिए किये गए सेवा कार्यों को ग्रहमंत्री ने ट्वीट कर बधाई दी थी। स्वच्छ कार्यालय कैटेगिरी में कैमोर थाने को पहला स्थान मिला था वहीं हाल ही में 26 जनवरी को आयोजित गणतंत्र समारोह में भी देहात कैटेगिरी में कैमोर थाने को नम्बर वन का खिताब मिला है। इन सब उप्लब्धियों के बावजूद कैमोर के एक भाजपा नेता उनसे व्यक्तिगत नाराजगी रखते थे। एस पी पर भी कहीं न कहीं से दबाव था इसीलिए अरविंद जैन को कैमोर थाने के प्रभार से मुक्त होना पड़ा।

### अब कैमोर के लिए इनके नामों की चर्चा

अरविंद जैन के तबादले के बाद अब कैमोर थाना प्रभारी की कुर्सी खाली हो गई है। इस कुर्सी के लिए चार निरीक्षक कतार में है। कुठला के पूर्व थाना प्रभारी विपिन सिंह और बरही के पूर्व थाना प्रभारी संदीप अयाची तो लाइन में हैं ही बरही के एक और पूर्व थाना प्रभारी शंकर सिंह भी प्रतीक्षा सूची में है। निरीक्षक अर्चना सिंह और निरीक्षक पूजा उपाध्याय भी कैमोर थाने में रुचि दिखा रहीं। अर्चना सिंह के पति नरेंद्र सिंह एसीसी कैमोर के लॉजिस्टिक विभाग में कार्यरत हैं जो एसीसी कॉलोनी में रहते हैं इसीलिए अर्चना सिंह कैमोर जाना चाह रही। पूजा उपाध्याय के रूप में एक नया नाम भी चर्चा में है। देखना होगा किसे कैमोर थाने की कुर्सी मिल पाती है।

### मकान की गौशाला में किशोरी ने लगाई फांसी

**कारण अज्ञात, जांच में जुटी पुलिस**

कटनी। रीठी थाना अंतर्गत ग्राम उमरिया में एक 17 वर्षीय किशोरी के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार रीठी थाना अंतर्गत ग्राम उमरिया में रविवार की शाम करीब छह बजे 17 वर्षीय किशोरी सीमा पिता सुंदर लाल पटेल ने अपने घर पर गौशाला में जाकर अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीलासमाप्त कर ली। बताया गया कि घटना के वक्त घर का कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। मृतिका सीमा के माता-पिता रोजगार गारंटी योजना में काम करने गए थे, उसी दौरान सीमा ने आत्मघाती कदम उठा लिया। शाम को मजदूरी करके जब माता-पिता घर लौटे तो किशोरी नहीं मिली। जिसके बाद खोजबीन की गई तो किशोरी सीमा घर में जानवरों के बांधने वाले कमरे में फांसी के फंदे पर झूलती मिली।

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# इंटरचेंज प्वाइंट से औसतन 20985 वैगनों का फ्रेट परिचालन

### 231 फ्रेट ट्रेनों को लेने और सौंपने में 23431 वैगनों का परिवहन



**कटनी।** पश्चिम मध्य रेल द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र में गाड़ियों को लेने एवं दूसरे रेलवे को सौंपने के परिचालन के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेल कछपुरा, न्यू कटनी जंक्शन, उत्तर मध्य रेल ओहान, मानिकपुर, आगासौद, बीना, महादेवखेड़ी, ग्वालियर, मथुरा, भरतपुर, बयाना, उत्तर पश्चिम रेलवे सवाई माधोपुर, पश्चिम रेलवे चंदेरिया, नागदा, मक्सी, माथेला, संत हिरदाराम नगर-भोपाल, मध्य रेल के खण्डवा, इटारसी, झुझारपुर केबिन में पूर्व मध्य रेल महदईया के स्टेशनों पर इंटरचेंज प्वाइंट बनाया गया है। इन सभी इंटरचेंज पॉइन्ट से मेल एक्सप्रेस और गुड्स ट्रेन का आदान/प्रदान एवं सुगम परिचालन किया जाता है। गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल भारतीय रेल के मध्य में स्थित है और इससे चारों दिशाओं की ओर रेल संचालन किया जाता है। पमरे की मोबिलिटी, स्पीड, ऑपरेशनल प्रेक्टिस के कारण यह इंटरचेंज पॉइन्ट काफी सराहनीय है। पश्चिम मध्य रेल के द्वारा जनवरी में प्रतिदिन औसत 20985 वैगनों का फ्रेट परिचालन में इंटरचेंज प्वाइंट से अपने अधिकार क्षेत्र में लेने एवं सौंपने का कार्य सराहनीय किया गया है, जबकि इसी माह में पिछले वर्ष प्रतिदिन औसत 19707 वैगनों का इंटरचेंज पॉइन्ट से परिवहन किया गया है, जो कि इस वर्ष की तुलना में 6.5 प्रतिशत अधिक रहा है। अपना सर्वोच्च प्रदर्शन करते हुए पमरे ने इसी माह 27 जनवरी को 231 फ्रेट ट्रेनों को लेने और 231 फ्रेट ट्रेनों को सौंपने में उच्चतम 23431 वैगनों का परिवहन किया गया। इसके पहले यह रिकॉर्ड पमरे में 24 दिसंबर 2020 को 22705 वैगनों का इंटरचेंज पॉइन्ट से गाड़ियों को लेने और सौंपने में परिवहन किया गया था। पश्चिम मध्य रेल द्वारा इस इंटरचेंज पॉइन्ट पर फ्रेट ट्रेना से वैगनों के परिवहन में बेहतर प्रदर्शन के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये गए, जिसमे फ्रेट ट्रेनों के लोडिंग/अनलोडिंग की समयपालनता में विशेष ध्यान दिया गया। क्रकेट फ्रेट ट्रेनों का परिचालन किया गया। लॉन्ग हॉल फ्रेट ट्रेन को अधिक से अधिक परिचालन किया गया। क्रू बिट्स का रेशनेलाइजेशन किया गया। गुड्स टर्मिनल में डिटेंशन को कम किया गया। यार्डो साइडिंग के शंटिंग प्रेक्टिस में सुधार किया गया। इसके अलावा ट्रैक की क्षमता एवं गति को बढ़ाने की दिशा में कार्य किया गया। स्थायी गति प्रतिबंध में सुधार किया गया। साइडिंग में भी इलेक्ट्रिफिकेशन किया गया। इलेक्ट्रिक हैवी हॉर्स पॉवर के इंजनों का उपयोग किया जा रहा है।

## केरोसिन मामले में 3 लोगों को मिली जमानत

**कटनी।** जिला प्रशासन द्वारा पंडित विजय प्रकाश मिश्र के पेट्रोल पंप में विगत दिनों की गई छापे की कार्रवाई में कुठला पुलिस द्वारा बनाए गए धारा 420, 285 भारतीय दण्ड विधान एवं धारा 3-7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के मामलों में आरोपी पंडित दिनेश तिवारी, अंजलि परोहा एवं चतर सिंह को जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री श्यामाचरण उपाध्याय द्वारा कल सोमवार को नियमित जमानत का लाभ देते हुए रिहा करने का आदेश दिया गया है। आरोपियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मिथलेश जैन एडवोकेट द्वारा पैरवी करते हुए तर्क दिया गया कि आरोपी गढ़ पूर्णता निर्दोष हैं, उनके विरुद्ध प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है, उन्हें पुलिस ने राजनीतिक विद्वेषवश झूठा फंसाया है। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता मिथलेश जैन एडवोकेट के साथ ही अधिवक्त मौसूफ अहमद बिट्टू, विष्णु गुप्ता, मुकेश निषाद एवं विनय दाहिया ने भी पैरवी की।



## फॉरेस्टर प्ले ग्राउण्ड की सुरक्षा पर सेंध, लोहे का गेट चोरी

**कटनी।** शहर के एकमात्र खेल मैदान फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में नगर निगम स्टेडियम की बाउण्ड्रीवॉल पर लगा लोहे का गेट विगत रात्रि किन्ही अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। गेट चोरी की वारदात के चौबीस घंटे बीत जाने के बाद भी अभी तक नगर निगम प्रशासन द्वारा कोतवाली में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। बताया जाता है कि विगत दिवस सुबह जब खिलाड़ी ग्राउण्ड पहुंचे तो लोहे का गेट गायब देखकर हतप्रभ रह गए। नगर निगम स्टेडियम की बाउण्ड्रीवॉल पर यह गेट कुछ समय पहले लगाया गया था। शहर के खिलाड़ियों ने फारेस्टर प्लेग्राउण्ड की सुरक्षा की मांग की है।

## कर्नाटक केसरी आचार्य कुलरत्न भूषण महाराज को आहार देने का मिला सौभाग्य



**कटनी।** भगवान आदिनाथ के मोक्ष कल्याण दिवस के अवसर पर ग्राम नैगवा में महावीर मार्बल हाउस में कर्नाटक केसरी आचार्य कुलरत्न भूषण महाराज को आहार देने का सौभाग्य राकेश जैन कक्का एवं श्रीमती आराधना जैन को मिला। आचार्य श्री महावीर मार्बल हाउस में 5 दिन से विराजमान है, जहां श्री जी की देखरेख में भगवान जी की प्रतिमा का निर्माण कार्य चल रहा। मूर्ति का निर्माण 18 फरवरी तक कराने का संकल्प आचार्य श्री ने लिया है। आचार्य श्री जी के आहार ग्राम पहाड़ी के लोगों के चौका में हुए। इस अवसर पर डॉ जिनेन्द्र जैन तिवरी, मुनि जैन, आंनद जैन पहाड़ी, राजू जैन, पिंकी जैन, पुर्वी जैन, सुमेरचंद जैन, राज जैन, राकेश जैन पहाड़ी जैन समाज अध्यक्ष, मुक्ता जैन, सी वी जैन, अमन जैन, पीहू जैन, स्मृति दीदी, पहाड़ी, तिवरी, कटनी जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।

## दो दिनों के लिए फिर थमेंगे ट्रेनों के पहिए



### यात्रियों को होगी परेशानी, नान इंटरलाकिंग का कराया जा रहा कार्य

कटनी। कटनी-बिलासपुर रेलखंड पर चल रहे तीसरी लाइन विस्तारीकरण कार्य के चलते इस रूट पर चलने वाली ट्रेनों को निरस्त किया जा रहा है। अब एक बार फिर 3 व 4 फरवरी को कई ट्रेनों को रद्द करने की घोषणा की गई है। जानकारी के मुताबिक नागपुर रेल मंडल के अंतर्गत राजनांदगांव व कलमना स्टेशन के बीच तीसरी रेल लाइन में विद्युतीकरण के साथ लाइन को पानीजाब रेलवे स्टेशन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। जिसके चलते आगामी 3 व 4 फरवरी को होने वाले नान इंटरलाकिंग कार्य के चलते रेलवे ने आधा दर्जन ट्रेनों को रद्द रखने का निर्णय लिया है, इसके अलावा दो ट्रेन दुर्ग से गोंदिया के बीच नहीं चलेगी। इसके कारण यात्रियों को एक बार फिर परेशानी होगी। गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने वाला है। ऐसी स्थिति में रेलवे द्वारा अंधोसंरचना से जुड़े कार्यों को पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। जोन का ऐसा कोई रेल मार्ग नहीं है, जहां बीते तीन-चार महीने से ट्रेनें प्रभावित नहीं हुई हों। रेलवे ट्रेनों के पहिए रोककर इस कार्य को पूरा कर रही है। रेलवे के लिए कटनी बिलासपुर तीसरी लाइन के साथ ही राजनांदगांव-कलमना के बीच पानीजाब स्टेशन में होने वाला कार्य भी बेहद महत्वपूर्ण है। रेलवे का भी मानना है कि इससे यात्रियों को एक-दो दिन परेशानी होगी लेकिन इसके बाद राहत ही मिलेगी, क्योंकि इन कार्यों से ट्रेनों के परिचालन में गतिशीलता आएगी। अभी भी कुछ सेक्शन में काम बाकी है। जिसे इस तरह ट्रेनें रद कर पूरा किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक 3 व 4 फरवरी को गाड़ी संख्या 15231/15232 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस ट्रेन गोंदिया व दुर्ग के बीच नहीं चलेगी। इसी तरह 12069-12070 रायगढ़-गोंदिया-जन शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन गोंदिया व दुर्ग के बीच रद्द रहेगी।

# महिलाओं ने बांस से सीखा नाव बनाना

### स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को मिला हस्तशिल्प कला विकास प्रशिक्षण





**कटनी।** एसीसी ट्रस्ट कैमोर सीमेंट वर्क्स एवं मानव जीवन विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में डायरेक्टर प्लांट के आर रेड्डी के मार्गदर्शन में एसीसी परियोजना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में सीएसआर कार्यक्रम के तरह स्वावलंबन एवं लिसा कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों से जोड़कर अतिरिक्त आय के साधन मुहैया कराकर महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी दिशा में स्वावलंबन परियोजना के अंतर्गत ग्राम अमुवारी में बांस हस्तशिल्प के जरिये आय को बढ़ाने के उद्देश्य पूर्ति हेतु दूसरे चरण का 10 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमे 3 ग्रामों की 3 महिला स्व सहायता समूह से 15 महिलाओं ने रूचिपूर्वक भाग लिया। यह प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर अनिल बंसल के मार्गदर्शन में हुआ। जिसमे महिलाओ में विभिन्न प्रकार की सामग्री बनाना सीखा जैसे बांस से बनी नाव, मछली, ट्रे, विभिन्न तरह के फूलदान, फलदान, बाटल टेबल, स्टूल, नेम प्लेट, घड़ी सहित ज्वेलरी की आकर्षक वस्तुएं बनाना सीखी है। मुख्य अतिथि फॉरेस्ट रेंजर अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए लगातार बढ़ती बांस से बने उत्पाद की मांग को साझा किया। उन्होने बांस के पौध लगाने से लेकर उससे निर्मित उत्पादों को मार्केट तक पहुंचाने में विभाग की विभिन्न योजनाओं को महिलों से साझा किया। एसीसी सीएसआर हेड श्रीमति एनेट विश्वास एवं मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर परियोजना की ओर से अयोध्या तिवारी, परम लाल साहू, राम किशोर एवं अमित कुमार सोनी शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान कोविड संबन्धित सम्पूर्ण निर्देशों का पालन किया गया है एवं सभी उपस्थित लोगो को लगातार सतर्कता बनाये रखने पर जोर दिया गया।

**नीरज सिनेप्लेक्स में**



शानदार 45वें दिन की ओर
रोजाना 3 शो ता. 14 से दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से
PUSHPA (हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास- 100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

**सिटी मॉल बरही रोड में**
शानदार 45वें दिन की ओर
रोजाना 3 शो ता. 28 से 1,4 एवं सायं 7.30 बजे से



PUSHPA (हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।

**बेचना है**
द्वारका सिटी, बरगवां कटनी में पानी की टंकी के पास मकान नं. 236, 237 बेचना है। प्रत्येक 480 वर्गफुट का स्वतंत्र मकान छत सहित। एक कमरा, किचिन, लेटबाथ, के साथ बरामदा (क्लोज) तत्काल बेचना है। शीघ्र संपर्क करें-
मो. 9977761441
9425859026

**किराये से देना है**
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

**JOB OPENING**
Requirement/skills
1. Tally, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni m.p.
For Application
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

**देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक**
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

**JOHNSON** Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिल्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

**Hire Vintage Car for Wedding**
ROYAL VINTAGE
Vintage Car Rent
for Bride-Groom Entry & Auspicious Program





Contact us @ Katni : Mr. Ajay 9754005830, 957579008

**mgm HOSPITAL** We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक- पोद्दार हॉस्पिटल, कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
**डॉ. स्मिता बजाज**
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

**रत्ना मैरिज गार्डन**
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था



पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

**CITY Mall**
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR, Reliance digital, TRENDS, PLANET FASHION, U-TURN, BOLSA, CITY PRIDE Cinema, Food Junction, HOTEL GRAND MERIDIAN, FLAVOURS, GRAVITY
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)

# हाइड्रा लगाकर रोलर पंप और प्लेट की करते थे चोरी

## दो आरोपी गिरफ्तार हाइड्रा भी जब्त



**कैमोर। कैमोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कैमोर-झुकेही मार्ग पर स्थित ग्राम अमेहटा में एसीसी के नए सीमेंट प्लांट का निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य में बहुत सारी मशीनरी एवं लोहा, मोटरपंप आदि का उपयोग हो रहा है। पिछले दिनों यहां प्लांट के कन्वेयर बैल्ट से रोलर पंप एवं लोहे की प्लेट सहित लगभग एक लाख से अधिक की सामग्री चोरी होने की शिकायत मिली थी जिस पर तफशीस करते हुए पुलिस ने चोरी के आरोपियों को माल सहित गिरफ्तार कर लिया है।**

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार केडिया के निर्देश एवं एसडीओपी विजयराघवगढ़ शिखा सोनी के नेतृत्व में पुलिस को यह सफलता मिली है। थाना प्रभारी अरविंद जैन से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमेहटा में निर्माणाधीन एसीसी सीमेंट प्लांट में रखें कन्वेयर बेल्ट रोलर, सीआईडी अनलोडेड मोटर पंप एवं लोहे की प्लेटो की चोरी किये जाने की शिकायत निर्माणाधीन प्लांट के सिक्योरिटी सुपरवाइजर दीपक त्रिपाठी द्वारा की गई थी। प्लांट से उक्त सामग्री चोरी होने की रिपोर्ट मिलने पर टीआई कैमोर अरविंद जैन, उप निरीक्षक आरपी रावत, प्रधान आरक्षक प्रेम शंकर पटेल, प्रधान आरक्षक अतुल तिवारी, आरक्षक अचल के द्वारा तत्काल पतासाजी करते हुए प्लांट के अंदर काम पर लगी हाइड्रा गाड़ी जीजे 12 सीएम 0639 के हेल्पर संजय गर्ग निवासी ग्राम ककरा थाना बदेरा जिला सतना को पकड़ा जा कर हाइड्रा गाड़ी के केबिन में रखा हुआ चोरी किया गया माल कीमती 90000 रुपए का बरामद करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी संजय गर्ग द्वारा बताया गया कि हाइड्रा गाड़ी के चालक मोनू शर्मा निवासी ग्राम ककरा थाना बदेरा जिला सतना के साथ मिलकर उसके द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस द्वारा चोरी में प्रयुक्त हाइड्रा गाड़ी को भी जप्त कर लिया गया है।

### चोरी में हाइड्रा का करते थे उपयोग

थाना प्रभारी ने बताया कि हाइड्रा आपरेटर मोनू शर्मा एवं संजय गर्ग द्वारा चोरी करने में हाइड्रा गाड़ी का उपयोग किया जाता था। हाइड्रा की मदद से ही लोहे की बड़-बड़ी प्लेटों को उठाकर इधर से उधर किया जाता था। इसीलिए हाइड्रा वाहन को भी जब्त किया गया है।



# बरही के धवैया में बह रही श्रीमद्‌भागवत की ज्ञान गंगा



### श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह में झूमे श्रद्धालु

**बरही।** धवैया में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसका रसपान करने बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुँच रहे है। व्यास पीठ में विराजमान आचार्य पं जयराम के मुखारबिंद से भागवत रूपी अमृत का रसपान ग्रामीण कर रहे है। श्रीकृष्ण जन्मोत्सवए बाललीला उपरान्त षष्टम दिवस में महाराजश्री ने भगवान के सभी विवाह के बारे में बताया जिसमें रुकमणी विवाह का भी सभी ग्रामीणों ने आनन्द लिया।

# मौन रखकर अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**कटनी।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में कलेक्टर कार्यालय परिसर में दो मिनिट का मौन रख कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर सस्कृति शर्मा, डिप्टी कलेक्टर एम.आर. कोल की उपस्थिति में लोक सेवकों ने मौन रखकर शहीदों को पुण्य स्मरण किया। शहीद दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं में भी दो मिनिट का मौन रखकर अमर शहीदों को स्मरण किया गया। इस दौरान समस्त गतिविधियों को रोक कर लोकसेवकों द्वारा दो मिनिट का मौन रखा गया।

# सवा लाख से अधिक की राशि जमा हुई निगम के खाते में

### संत कवरराम वार्ड में शिविर का आयोजन




**कटनी।** नगर को सुविधा एवं निगम के बकाया करों की वसूली के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के कम्प्यूटर कक्ष के अलावा संत कवरराम वार्ड में शिविर का आयोजन कर नागरिकों को बकाया कर जमा करनें की सुविधा प्रदान की गई। प्रभारी अधिकारी राजस्व जागेश्वार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित शिविरों की श्रंखला में रविवार को प्रातः संतकवर राम वार्ड स्थित भोले मंदिर के पास आयोजित शिविर के माध्यम से संपत्ति कर की 31 रसीद काटी जाकर 100167 रूपये तथा जलकर की 11 रसीद के माध्यम से 27399 रूपये कुल 127566 रूपये निगम कोष में जमा किये गए।

राज्य शासन से पुरस्कृत सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक ने बताये जैविक खाद बनाने के तरीके

# जैविक कृषि एवं वर्मी कम्पोस्टिंग पर गर्ल्स कॉलेज में दो दिवसीय सेमीनार





**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय के वर्ल्ड बैंक की अकादमिक उत्कृष्टता गतिविधियों एवं आई.क्यू.ए.सी. के तत्वाधान में वनस्पति शास्त्र विभाग एवं जंतु विज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य डा. आर. के. गुप्ता के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. साधना जैन के सहयोग से दो दिवसीय जैविक कृषि एवं वर्मी कम्पोस्टिंग विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें आर. एस. दुबे सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। जिन्हें 2003-04 एवं 2010 में उनके योगदान के लिए राज्य सरकार द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। प्रथम जैविक कृषि पाठशाला ग्राम नैगवां आपकी कर्म स्थली है। उन्होंने शून्य बजट पर जैविक कृषि एवं वर्मी कम्पोस्ट बनाने के तरीके के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने नीम, अकौआ, बेशरम, धतूरा आदि की पत्तियों द्वारा जैविक खाद बनाने के बारे में बताया जिससे कृषि की उपजाउ शक्ति को बढ़ाया व बनाये रखा जा सकता है। इस मौके पर शासकीय कन्या महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक एवं जंतु विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. साधना जैन ने भी छात्राओं को ऐसे स्थानों पर जहां वर्मी कम्पोस्टिंग की ट्रेनिंग दी जाती है, ले जाने एवं वर्मी कम्पोस्टिंग में रोजगार के अवसर की ओर ध्यान देने की बात कही। वनस्पति शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष व आई.क्यू.ए.सी. सदस्य डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल ने छात्राओं को जैविक खेती व वर्मी कम्पोस्टिंग का महत्व बताते हुये इस क्षेत्र में आगे बढ़ने की सलाह दी। इस अवसर पर वर्ल्ड बैंक एवं आई.क्यू.एसी. को-ऑर्डिनेटर डॉ. रश्मि चतुर्वेदी का भी सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. रीना मिश्रा, हेमलता, स्मृति दहायत, सुश्री स्मृति परौहा, सुश्री सोनिया कश्यप एवं रामेश्वर सिंह का विशेष योगदान रहा।

# शहीद दिवस पर नगर निगम में ली गई मद्यनिषेध की शपथ



**कटनी।** संचालनालय सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण भोपाल एवं कलेक्टर कटनी से मिले निर्देश पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर मद्यनिषेघ संकल्प दिवस का आयोजन नगर निगम में किया गया। युवाओं तथा समाज के सभी वर्गो में बढती हुई मद्यपान तथा मादक पदार्थ, दृव्यों के सेवन प्रवृत्ति की रोकथाम व इनसे होने वाले दुष्परिणामों से युवाओं और समाज को अवगत कराकर उन्हें नशा छोड़ने हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया गया। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे की उपस्थिति में नगर निगम कार्यालय में मद्यानिषेघ संकल्प दिवस का आयोजन कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया।

तदोपरान्त उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को वेबसाईट के माध्यम से जीवन को हॉ और नशे को ना करने के साथ ही नशीली दवाओं के दुरूपयोग को रोकनें में सहयोग प्रदान करनें एवं इससे दूर रहकर एक स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए खुद को प्रतिबद्ध करने की ई-शपथ दिलाई गई।

### शहीदों की स्मृति में रखा गया दो मिनट का मौन

शासन से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे की उपस्थिति में भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में निगम कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया। तदोपरान्त प्रातः 10:59 बजे से 11 बजे तक फायर वाहन के माध्यम से सायरन बजाकर दो मिनट का मौन धारण किये जाने की सूचना प्रदान की गई। समस्त गतिविधयां रोकी जाकर 11:00 बजे से 11:02 मिनट तक स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण किया जाकर 11:02 मिनट से 11:03 मिनट, 1 मिनट सायरन बजाकर ऑल क्लियर की सूचना प्रदान की गई। इस दौरान प्रभारी कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा, प्रभारी अधिकारी राजस्व जागेश्वर पाठक, प्र.सहायक यंत्री आदेश जैन, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, प्रभारी कार्यालय अधीक्षक नागेन्द्र पटैल सहित अन्य शाखाओं के अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# चित्रकला-रंगोली से दिया नशा निषेध का संदेश





**कटनी।** नेहरु युवा केंद्र के तत्वाधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शहीदों को नमन करते हुए मद्दनिषेध का संकल्प लिया गया। रंगोली एवं चित्रकला के माध्यम से नशा निषेध का संदेश रीठी युवा मंडल द्वारा दिया गया। उत्तम रंगोली एवं चित्रकला करने वाले युवा-युवतियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सोनाली ताम्रकार, अंकित सोनी एवं निकिता नामदेव के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्र रीठी में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में रीठी निवासी प्राची पटेल, रश्मि पटेल, सुरभी गुप्ता, माया साहू, मीनू प्रधान, साक्षी, निशा बर्मन, आकांक्षा, दुर्गा, कृति, मोहित सहित अन्य प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# विशेष अभियान चलाकर की गई संत कवरराम वार्ड की सफाई

## अधिकारियों की देखरेख में निरंतर हो रहे नगर को स्वच्छ रखने के प्रयास







**कटनी।** शहर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के उद्धेश्य से जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा तथा निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा रोजाना दो पालियों की सफाई व्यवस्था सहित वार्डो में विशेष सफाई अभियान आयोजित किया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के निरंतर प्रयास किये जा रहे है।

प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्डो की सफाई व्यवस्था को हेतु संत कवरराम वार्ड में स्वच्छता मित्रों की टीम के माध्यम से सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्वच्छता दूतों के माध्यम से रावर्ट लाईन, शनि मंदिर के पास, झूलेलाल मंदिर के पास एवं चावला चौक सहित अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों की सफाई कराई जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए। नागरिकों की सुविधा हेतु वार्ड की विभिन्न गलियों के मुख्य एवं अन्य मार्गो की सफाई उपरान्त कचरे के उठाव का कार्य कराया जाकर वार्ड को स्वच्छ रखने के प्रयास किये गए।

प्रातः कालीन दैनिक सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगर के विभिन्न सर्वजनिक मुख्य एवं अन्य मार्गो नदी पार मुख्य मार्ग पन्ना मोड, कुठला पुल के पास डिवाईडरों की सफाई, नदीपार प्रजापति मोहल्ला, आदर्श कॉलोनी,चांडक चौक प्वाइंट, मिशन चौक, बरगवां मुख्य मार्ग एवं ओव्हर ब्रिज के नीच के डिवाईडर, आजाद चौक से शेर चौक, महात्मा गांधी वार्ड सांई मंदिर मार्ग, घंटाघर प्वाइंट, शिवाजी वार्ड मेन रोड, रघुनाथ गंज वार्ड जैन मंदिर गली, साधूराम स्कूल प्वाइंट, एम.जी.एम हास्पिटल रोड, भट्टा मोहल्ला मुख्य मार्ग, नेहरू वार्ड स्थित सुलभ काम्पलेक्स के पास टेंक की सफाई, सेल्फी प्वाइंट एवं आसपास के स्थल की सफाई, मंगलनगर मुख्य मार्ग, माधवनगर हास्पिटल के बाजू सहित नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्र के अन्य स्थलों की सफाई का कार्य कराया गया।

नगर के विभिन्न वार्डो में डोर टू डोर कचरे का संग्रहण किया जाकर मुख्य एवं अन्य मार्गो को साफ सुथरा रखनें के प्रयास के साथ ही सार्वजनिक नाले नालियों की सफाई व्यवस्था के तहत जगमोहन दास वार्ड स्थित माली गली की सार्वजनिक नालियों, वीर सावरकर वार्ड रेल्वे लाईन के किनारे कच्चे स्थित नाले की जे.सी.बी मशीन से सफाई कार्य, कावसजी वार्ड स्थित भट्टा मोहल्ला मलिन वंशकार बस्ती में विभिन्न स्थलों, नेनसी स्कूल के सामने, बाबा नारायण शाह वार्ड स्थित मुख्य मार्ग की नालियों की ढेरियों की सफाई का कार्य कराया गया।



# कुष्ठ निवारण दिवस के रूप में मनी बापू की पुण्यतिथि

### जिला चिकित्सालय में अर्पित किये श्रद्धासुमन

**कटनी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में महात्मा गांधी की पुण्य तिथि को कुष्ठ निवारण दिवस के रूप में मनाया गया। अंबेडकर वार्ड कुष्ठ बस्ती में वार्ड वासियों के बीच महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष दो मिनिट मौन रखकर पुष्प अर्पित कर श्रृद्वांजली दी गई। शासन की गाइडलाइन के अनुसार जिला कुष्ठ अधिकारी आर के अठया द्वारा कुष्ठ मुक्त करने के लिए संकल्प वाचन कराया गया एवं ग्राम वासियों को कुष्ठ रागे के प्रति जागरूकता के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। तत्पश्चात चर्म रोग निदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आए लगभग 100 लोगों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गई। कोरोना गाइडलाइन नियमों का पालन करने की सलाह दी गई। शिविर में शरद सिंह बघेल एनएमए, जी.के. शुक्ला एनएमए एवं बीडी तिवारी एनएमए प्राथमिक स्वास्य केन्द्र कन्हवारा द्वारा कुष्ठ मरीजों व लोगों को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गई एवं फल वितरित किया गया।

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः- 230033

